39YBGP

## पाठ 18

# क्या है उसका नाम ?

| पक्षी, | अक्षर, | तड़के, | कलगी, | मानुष, | पूँछ |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |



1. बड़े सवेरे घर की छत पर, मिलता गाँव–गाँव।
   काले रंग का पक्षी होता, करता काँव–काँव।।
   बोलो क्या है उसका नाम ––––– ?



2. चाँदी जैसी खूब चमकती, घर है उसका पानी।
   तीन अक्षर का नाम निराला, है वह जल की रानी।।
   बोलो क्या है उसका नाम ––––– ?



3. कुकड़ूँ–कूँ बोला करता है, रोज सवेरे तड़के।
   सिर पर लाल–लाल कलगी है, चलता खूब अकड़ के।।
   बोलो क्या है उसका नाम ––––– ?



4. जंगल का राजा कहलाता, खाकर माँस गरजता।
   उसे देखकर सब छिप जाते, पत्ता नहीं खड़कता।।
   बोलो क्या है उसका नाम ––––– ?

**शिक्षण संकेत** – इस पाठ में पहेलियाँ पूछी गई हैं। पहेलियों से बच्चे परिचित हैं। हर पहेली को बच्चों से पढ़वाएँ। उत्तर के लिए संकेत दें और पहेली का हल पाठ्यपुस्तक में दिए गए स्थान पर पेंसिल से लिखवाएँ। कुछ अन्य पहेलियाँ पूछने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें। कक्षा में दो दल बनाकर बच्चों से परस्पर पहेलियाँ पूछने को कहें। बच्चों को पहेली का भाव समझाएँ। पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ उनकी भाषा में बताएँ।



5. पेड़ों पर वह उछले–कूदे, झुंड बनाकर रहता।
मानुष जैसी काया उसकी, पूँछ झुलाता रहता।।
बोलो क्या है उसका नाम –––––– ?



6. रंग–बिरंगे पंखोंवाली, फूलों पर मँडराती।
हाथ बढ़ाओ तो उड़ जाती, हाथ नहीं वह आती।।
बोलो क्या है उसका नाम –––––– ?



7. नदी किनारे बैठा रहता, मछली खाना काम।
लंबी टाँगें, लंबी गर्दन, बोलो जी क्या नाम ?
बोलो क्या है उसका नाम –––––– ?

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पक्षी | = | चिड़िया | अकड़ना | = | ऐंठना |
| मानुष | = | मनुष्य, आदमी | काया | = | शरीर |
| निराला | = | अनोखा | हाथ आना | = | प्राप्त होना |
| कलगी | = | मुर्गे की चोटी | पत्ता नहीं खड़कना | = | पूर्ण शांति होना |
| खड़कना | = | खड़–खड़ की आवाज होना | | | |

## शब्दार्थ

**1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ अपनी भाषा में बताओ –**

पक्षी, अक्षर, तड़के, कलगी, मानुष, पूँछ

**2. रेखा खींचकर सही जोड़ी बनाओ।**

| | | |
|---|---|---|
| काँव–काँव | – | बंदर |
| कुहू–कुहू | – | मुर्गा |
| खों–खों | – | कौआ |
| टें–टें | – | कोयल |
| कुकड़ूँ–कूँ | – | तोता |

**3. एक–एक शब्द में उत्तर लिखो –** **उत्तर**

क. लाल कलगी किसके सिर पर होती है ? ..............................

ख. फूलों पर कौन मँडराता है ? ..............................

ग. कौन जंगल का राजा कहलाता है ? ..............................

घ. जल की रानी किसे कहते हैं ? ..............................

ङ. पेड़ों पर उछल–कूद कौन करता है ? ..............................

**4. समान तुक वाले शब्द लिखो।**

जैसे– पाला – माला – ताला – नाला

ऐसी – ————————, ————————, ————————

आता – ————————, ————————, ————————

राजा – ————————, ————————, ————————

खाना – ————————, ————————, ————————

## 5. गतिविधि :–

दिए गए पशु–पक्षियों के बोलने का अभिनय करो–

| | |
|---|---|
| क. कौआ – | ख. कोयल – |
| ग. गाय – | घ. गधा – |
| ड. शेर – | च. मेंढक – |

## 6. चित्र बनाओ।

तितली, मछली

**7. शाला के आसपास आपको कौन – कौन से जानवर या पक्षी दिखाई देते हैं – लिखो।**

पक्षी ...................... ....................... ....................... ........................

जानवर ...................... ....................... ....................... ........................

**8. परिवेशीय पहेलियाँ बच्चों से बुलवाएँ –**

कम से कम दो पहेलियाँ बच्चे घर से पूछकर आएँ।

**9. विभिन्न पत्र – पत्रिकाओं से पक्षियों और जानवरों के चित्र खोजकर उन्हें अपनी कापी में चिपकाओ और उनके नाम लिखो ।**

3HY3AU